# कार्यालय प्राचार्या, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेडा (जींद)

Activity Report

प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक : 11/02/2022

आज दिनांक 11/02/2022 को राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद) में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती बबीता पंवार जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जयनारायण गहलावत (प्राचार्य , प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी राजकीय कन्या महाविद्यालय, जींद ) रहे व विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री सुभाष ढांडा जी (प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , पिल्लूखेड़ा) रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रमेश कुमार, श्री प्रदीप कुमार, श्री दीपक कुमार, श्री ग्रीन कुमार, श्री देवेंद्र, श्री रजत व श्रीमती रविंद्र जी ने निभाई। श्री जय नारायण गहलोत जी ने बच्चों को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और छात्राओ को बताया की स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है । सुभाष ढांडा जी ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और हमारे जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया। 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान मंजू बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान तमन्ना बीए द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान नीलम बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में मानसी ने प्रथम, रितु रानी ने द्वितीय व हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट प्रतियोगिता में पायल (बीए तृतीय वर्ष) प्रथम, सोनिया (बीए तृतीय वर्ष) द्वितीय, तमन्ना (बी ए द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद प्रतियोगिता में नीलम ने प्रथम, मंजू ने द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में नेहा प्रथम स्थान पर रही। वहीं 200 मीटर रेस में नेहा प्रथम, तमन्ना द्वितीय व स्वीटी तृतीय स्थान पर रही। थ्री लेग रेस में भी बीए तृतीय वर्ष का दबदबा रहा। श्री दीपक कुमार जी ने मंच का कुशल संचालन किया। इस प्रतियोगिता में सयोंजक की भूमिका श्री संजय कुमार ने निभाई और कार्यक्रम के सुचारु रूप से संचालन में प्रो सतीश मालिक (सहायक प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई प्राचार्या बबीता पंवार जी ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और उन्होंने छात्राओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

11/02/2022

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया गया खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



*राजकीय महाविद्यालय में विजेता बच्चों को सम्मानित करती प्राचार्या बबीता पंवार।* *(जिन्दल)*

पिल्लूखेड़ा, 12 फरवरी (जिन्दल): राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या बबीता पंवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर जयनारायण गहलावत प्राचार्य, प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी राजकीय कन्या महाविद्यालय जींद ने शिरकत की। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका रमेश कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, प्रीन कुमार, देवेंद्र, रजत व रविंद्र ने निभाई।

जयनारायण गहलोत ने बच्चों को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और छात्राओं को बताया की स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया और जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया।

खेलकूद प्रतियोगिता में 400 मीटर रेस में मंजू बी.ए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, तमन्ना बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान व नीलम बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में मानसी ने प्रथम, रितु रानी ने द्वितीय व हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट प्रतियोगिता में पायल बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम, सोनिया बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय व तमन्ना बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में नीलम ने प्रथम, मंजू ने द्वितीय व वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में नेहा प्रथम स्थान पर रही। वहीं 200 मीटर रेस में नेहा प्रथम, तमन्ना द्वितीय व स्वीटी तृतीय स्थान पर रही। थ्रीलेग रेस में भी बी.ए. तृतीय वर्ष का दबदबा रहा। दीपक कुमार ने मंच का कुशल संचालन किया। इस प्रतियोगिता में सयोंजक की भूमिका संजय कुमार ने निभाई और कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन में प्रो. सतीश मालिक सहायक प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्या बबीता पंवार ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और उन्होंने छात्राओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sun,13 February 2022
Edition: jind kesari, Page no. 4

# कार्यालय प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लूखेड़ा ( जींद)

**Activity Report (17/12/2022)**

## द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि इस अवसर पर डॉ रजनीश बहल, रिटायर्ड प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय , उगालन ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता जी ,सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने उनका महाविद्यालय पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डॉ रजनीश बहल जी ने विद्यार्थियों के साथ अपना अनुभव सांझा किया। उन्होंने छात्राओं को समय के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने डिसिप्लिन शब्द का अर्थ विस्तार से विद्यार्थियों को समझाया। प्राचार्य डॉ ओ पी गुप्ता जी ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि आज के समय में हमें प्रतिदिन कोई ना कोई खेल खेलना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रहेंगे। श्री संजय कुमार , खेल-कूद प्रभारी जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 125 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की ।बीए प्रथम वर्ष की छात्रा जोशी को बेस्ट एथलीट के रूप में चुना गया जिसको मुख्य अतिथि ने अपनी तरफ से ₹1100 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अंत में खेल प्रभारी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों का आभार और धन्यवाद किया।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:**

100 मीटर रेस में प्रथम जोशी द्वितीय,नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी, 200 मीटर रेस में प्रथम जोशी ,द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी, 400 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा,तृतीय स्थान अन्नू देवी, 800 मीटर रेस में प्रथम जोशी ,द्वितीय नेहा,तृतीय स्थान अन्नू देवी, जैवलिन थ्रो में प्रथम रीतू, द्वितीय संजना ,तृतीय स्थान संगीता, गोला फेंकना प्रथम नेहा.द्वितीय जोशी,तृतीय स्थान अन्नू देवी, लंबी कूद में प्रथम नीलम, द्वितीय जोशी,तृतीय स्थान नेहा, डिस्कस थ्रो में प्रथम जोशी, द्वितीय तमन्ना ,तृतीय स्थान संगीता पर रही।

श्री संजय कुमार ,
खेल-कूद प्रभारी

Principal
Govt. College for G
Pillu Khera (Jind)

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 19-12-2022


राजकीय कॉलेज पिल्लूखेड़ा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## बीएम की छात्रा जोशी बनी बेस्ट एथलीट, दौड़ की सभी विधाओं में पहले स्थान पर

भास्कर न्यूज | जींद

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रजनीश बहल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की जबकि प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने की। मुख्यातिथि डॉ. रजनीश बहल ने छात्राओं को समय के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने कहा कि आज के समय में हमें प्रतिदिन कोई न कोई खेल खेलना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रहेंगे।

महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार, खेलकूद प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 125 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की है।



जींद. प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए।

बीए प्रथम वर्ष की छात्रा जोशी को बेस्ट एथलीट के रूप में चुना गया उन्हें 1100 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मेडल पहना कर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी ने पाया। 200 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी, 400 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी, 800 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी ने हासिल किया। जेवलिन थ्रो में प्रथम रीतू प्रथम, संजना द्वितीय व संगीता तीसरे स्थान पर रही। गोला फैंक में नेहा प्रथम, जोशी द्वितीय व अन्नू तृतीय रही। लंबी कूद में नीलम प्रथम, जोशी द्वितीय व नेहा तृतीय, डिस्कस थ्रो में जोशी प्रथम, तमन्ना द्वितीय व संगीता तृतीय रही।

## पिल्लूखेड़ा कॉलेज में जोशी चुनी बेस्ट एथलीट



पिल्लूखेड़ा कॉलेज में खेल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

जींद, 18 दिसम्बर (ब्यूरो): राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में द्वितीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रजनीश बहल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की जबकि प्रतियोगिता की अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता ने की। मुख्यातिथि डॉ. रजनीश बहल ने छात्राओं को समय के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। प्राचार्य गुप्ता ने कहा कि आज के समय में हमें प्रतिदिन कोई न कोई खेल खेलना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रहेंगे।

महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार, खेलकूद प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 125 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की है। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा जोशी को बैस्ट एथलीट के रूप में चुना गया। उन्हें 1100 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मैडल पहनाकर और सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी ने पाया। 200 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी, 400 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी, 800 मीटर रेस में प्रथम जोशी, द्वितीय नेहा, तृतीय स्थान अन्नू देवी ने हासिल किया। जैवलिन थ्रो में प्रथम रीतू प्रथम, संजना द्वितीय व संगीता तीसरे स्थान पर रही। गोला फैंक में नेहा प्रथम, जोशी द्वितीय व अन्नू तृतीय रही। लंबी कूद में नीलम प्रथम, जोशी द्वितीय व नेहा तृतीय, डिस्कस थ्रो में जोशी प्रथम, तमन्ना द्वितीय व संगीता तृतीय रही।

Sr No. 05

# Govt. College for Women, Pillukhera (Jind)

Subject Society :- Sport Club

Year:-2022-23

Semester:- Odd/Even

Student Office Bearers:-

| Sr. No. | Designation | Name | Class | Roll No. | Signature |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | President | Neha | BA III | 120154002077 | Neha |
| 2 | Co-President | Joshi | BA I | 1221541002144 | Joshi |
| 3 | PR-Head | Sanju | BA I | 1221541002004 | Sanju |
| 4 | Treasurer | Sangita | BA I | 1221541002119 | Sangita |
| 5 | Secretary | Annu | BA I | 1221541002072 | Annu |

Staff Mentor/Convener

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

Sr No. ________  ___/___/___

## OFFICE OF THE PRINCIPAL,
## GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Memo No.: Date:

# Activity Report
## Sports Club

05/04/2023

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद) में स्पोर्ट्स क्लब के अंतर्गत शॉट पुट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता जी ने किया। प्राचार्य डॉ. ओ.पी .गुप्ता जी ने कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमें प्रतिदिन कोई ना कोई खेल -खेलना चाहिए। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती हैं। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी श्री संजय कुमार जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 17 छात्राओं ने प्रतिभागिता की है।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्नू , द्वितीय स्थान नेहा तृतीय. तृतीय स्थान जोशी ने प्राप्त किया। इन विजेता छात्राओं को 300 ,200. 100 रुपए की राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी छात्राओं और विजेता छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई दी ।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य श्रीमती सुमिता आशरी.श्री दीपक कुमार जी .श्री देवेंद्र कुमार जी ,श्री ग्रीन कुमार उपस्थित रहे।

**राजकीय कन्या कालेज में हुआ शॉटपुट प्रतियोगिता का आयोजन**





स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कोई न कोई खेल खेलें

Amar Ujala 06/04/2023

हरिभूमि

5 Apr 2023



फोटो : हरिभूमि

शॉटपुट प्रतियोगिता में अन्नू प्रथम

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College fo
Pillukhera (Jind)

## OFFICE OF THE PRINCIPAL,
## GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Memo No.: Date:

# Activity Report
## Sports Club

10/04/2023

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद) में स्पोर्ट्स क्लब के अंतर्गत रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता जी ने किया और छात्राओं का हौसला बढ़ाया। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी श्री संजय कुमार जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं को दो टीमों में विभाजित कर प्रतिभागिता की गई।इस प्रतियोगिता में जोशी की टीम नें विजय प्राप्त की। इस तरह की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लडकियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाने का है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य श्री दीपक कुमार,श्री प्रदीप कुमार जी ,श्री देवेंद्र कुमार जी ,श्री ग्रीन कुमार, श्री सतीश कुमार उपस्थित रहे।

**राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा में हुई रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता**



रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**रस्साकसी में जोशी टीम अव्वल**

राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में हुई स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाया दम



**रस्साकसी में जोशी की टीम रही विजेता**



कन्या महाविद्यालय में रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। • विज्ञप्ति

जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में स्पोर्ट्स क्लब के अंतर्गत रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता ने किया और छात्राओं का हौसला बढ़ाया। स्पोर्ट्स अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि प्रतियोगिता में जोशी टीम ने विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लड़कियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाना है। इस अवसर पर दीपक, प्रदीप, देवेंद्र, ग्रीन कुमार व सतीश भी उपस्थित रहे।

Sr No. ____

# OFFICE OF THE PRINCIPAL
## GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, PILLUKHERA (JIND)

G20

**हरिभूमि** रोहतक - जींद 14 Oct 2023

दो दिवसीय इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ

## प्रतियोगिता में 8 कालेज की टीमें दिखाएगी प्रतिभा



[illegible]

## पिल्लूखेड़ा महिला कालेज में दो दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता शुरू





[illegible]

### कबड्डी स्पर्धा में नंदादेवी सदन विजयी

[illegible]

## खेल के क्षेत्र में हरियाणा की महिला खिलाड़ियों का योगदान सराहनीय : डा. तनाशा हुड्डा



प्रतियोगिता में भाग लेती टीमें।

जींद, 13 अक्तूबर (संजीव) : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में शुक्रवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 2 दिवसीय इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिल्लूखेड़ा के प्राचार्य डा. वजीर दलाल ने शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा और डा. वजीर दलाल ने विभिन्न महाविद्यालयों से आई टीमों का मनोबल बढ़ाया और पहले मैच का शुभारंभ किया।

पहला मैच मेजबान महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा और एस.डी. महाविद्यालय नरवाना के बीच खेला गया। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि खेल के क्षेत्र में हरियाणा की महिला खिलाड़ियों का योगदान हमेशा से ही सराहनीय रहा है।

हरियाणा प्रान्त ने साक्षी मलिक, बबीता कुमारी, विनेश फोगाट, अंशु मलिक जैसी होनहार खिलाड़ियों को जन्म दिया है। ऐसे होनहार खिलाड़ियों के कैरियर की शुरुआत विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर ही होती है। छात्रों को लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित करना और उसकी प्राप्ति के लिए उचित प्लेटफार्म प्रदान करने का दायित्व स्कूल और कालेज का होता है।

महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी प्रो. संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 8 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इसमें राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा, सरला मैमोरियल महिला महाविद्यालय सफीदों, एस.डी. महाविद्यालय नरवाना, एस.डी. कन्या महाविद्यालय उचाना, हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद, राजकीय महाविद्यालय जींद, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय जींद और यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद शामिल रहे।

इस अवसर पर दिल्ली यूनिवर्सिटी में कार्यरत प्रोफैसर सीमा कौशिक जो की जूडो नैशनल प्लेयर और इंटरनैशनल एथलीट रही हैं, स्पोर्ट्स एजअट्रल फॉर वूमेन एंपावरमेंट नामक रिसर्च प्रॉजैक्ट के संदर्भ में खिलाड़ियों से मिलने आईं। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ



अतिथियों के साथ मौजूद खिलाड़ी।

रावेरा न्यूज/नरेंद्र जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिल्लूखेड़ा के प्राचार्य डॉ. वजीर दलाल ने शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने पुष्पगुच्छ भेंट करके मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा और मुख्य अतिथि डॉ. वजीर दलाल ने विभिन्न महाविद्यालयों से आई टीमों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और उन्हें आशीर्वाद देकर पहले मैच का शुभारंभ किया। पहला मैच मेजबान महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा और एसडी महाविद्यालय नरवाना के बीच खेला गया। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी प्रोफेसर संजय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 8 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा।

Principal
Maharshi ... Govt. College for ... Pillukhera (Jind)

Sr No. 09

# OFFICE OF THE PRINCIPAL
## GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, PILLUKHERA (JIND)

G20

## खो-खो स्पर्धा में एसडी कॉलेज प्रथम
### दो दिवसीय इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता का हुआ समापन



[illegible]

## इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता में एसडी कॉलेज नरवाना की टीम प्रथम



[illegible]

**हरिभूमि** रोहतक - जींद 15 Oct 2023

## एसडी कॉलेज की टीम अव्वल



विजेता टीम को सम्मानित करते डा. नरेश देशवाल व प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा।

राजकीय कन्या कालेज पिल्लूखेड़ा में दो दिवसीय इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता का समापन हुआ। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। निर्णायक मैच यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद और एसडी महाविद्यालय नरवाना के बीच खेला गया। एसडी महाविद्यालय नरवाना की टीम प्रथम, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद की टीम द्वितीय और राजकीय महाविद्यालय जींद तथा प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय जींद की टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। [illegible]

## एसडी महाविद्यालय नरवाना की टीम रही प्रथम



[illegible]

Principal
Maharshi Jamadagni ... Govt. College for ... Pillukhera (Jind)

हरिभूमि

रोहतक - जीन्द

7 Dec 2023

राजकीय कन्या कॉलेज में तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# 100 मीटर रेस में जोशी ने पाया पहला स्थान



ये रहे विजेता

# 1500 मीटर रेस में जोशी व जैवलिन थ्रो में संजू ने मारी बाजी और ऊंचीकूद में कोमल अव्वल





प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

# दौड़ में जोशी व जैवलिन थ्रो में संजू अव्वल

## प्राचार्य बोलीं - खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में बुधवार को तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस अवसर पर राजकीय कन्या कॉलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश गुप्ता ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ तनाशा हुड्डा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और खेलों के महत्व के बारे में विस्तार बताया। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को हार से हताश नहीं होना चाहिए। प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने कहा कि प्रतिभागियों को खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कॉलेज की छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्राप्त उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।



गोला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा। संवाद

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

100 मीटर दौड़ में जोशी प्रथम, कोमल द्वितीय तथा अन्नु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में जोशी ने प्रथम जोशी, रितु ने द्वितीय व नीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में अन्नु ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय तथा संजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर रेस में जोशी ने प्रथम, अन्नु ने द्वितीय तथा संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर रेस में जोशी ने प्रथम, अन्नु ने द्वितीय तथा संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में संजू ने प्रथम, रितु ने द्वितीय तथा संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंकना में कोमल ने प्रथम, अन्नु ने द्वितीय तथा संजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में जोशी ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय व संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में जोशी ने प्रथम, संगीता ने द्वितीय व हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में कोमल ने प्रथम, रितु ने द्वितीय व संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 03 Mar 2024 - Page 2



जींद। राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा की छात्रा जोशी को सम्मानित करते हुए।

## कुश्ती प्रतियोगिता में जोशी ने जीता कांस्य पदक

# कुश्ती में जोशी ने जीता कांस्य पदक



अलेवा | महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जोशी ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में प्रदेश स्तरीय इंटर कॉलेज कुश्ती में कांस्य पदक जीता। प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय इसराना (पानीपत) में आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जोशी ने कांस्य पदक जीता है।

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

### Activity Report-Kho-Kho

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में 13 अक्टूबर 2023 से आयोजित हो रही दो दिवसीय इंटर कॉलेज महिला खो-खो प्रतियोगिता का समापन 14 अक्टूबर को हुआ। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। निर्णायक मैच युनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट चौधरी रणबीर सिंह युनिवर्सिटी जींद और एसडी महाविद्यालय नरवाना के बीच खेला गया। एसडी महाविद्यालय नरवाना इस मैच में विजेता रही। विजेता टीम को डा. नरेश देशवाल व प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने सम्मानित किया। महाविद्यालय के खेल अधिकारी संजय कुमार जी ने दो दिवसीय इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता का परिणाम के बारे में बताया कि एसडी महाविद्यालय नरवाना की टीम प्रथम, युनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट चौधरी रणबीर सिंह युनिवर्सिटी जींद की टीम द्वितीय और राजकीय महाविद्यालय जींद तथा प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय जींद की टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि सभी खिलाड़ी हमारे देश का भविष्य है। डा. जसबीर पूनिया ऑब्जर्वर,मनीराम डीएसओ, जगदीश, सतपाल और मोनिका ने रेफरी की भूमिका निभाई। डा. नरेश ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर मेजबान महाविद्यालय को बधाई दी। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी प्रो. संजय कुमार ने सभी महाविद्यालयों से आए हुए टीम प्रभारियों और खिलाड़ियों का आभार जताया।

Principal/प्राचार्या
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय ,पिल्लुखेडा(जींद)

### Activity Report

**तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन-** 06/12/2023

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, रिटायर्ड प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय , पिल्लुखेड़ा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. तनाशा हुडा जी ,सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत किया। डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता जी ने विद्यार्थियों को खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और खेलो के महत्व के बारे में विस्तार बताया , उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को हार से हताश नहीं होना चाहिए,क्योंकि अंग्रेजी के शब्द NO का अर्थ नेक्स्ट अपॉर्चुनिटी बनता हैं।प्राचार्या डॉ. तनाशा हुडा जी ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्राप्त उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। श्री संजय कुमार , खेल-कूद प्रभारी जी ने बताया कि इसँ प्रतियोगिता में लगभग 120 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की ।बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जोशी को बेस्ट एथलीट के रूप में चुना गया प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अंत में खेल प्रभारी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों का आभार और धन्यवाद किया।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे: 100 मीटर रेस में प्रथम जोशी द्वितीय,कोमल, तृतीय स्थान अन्नू , 200 मीटर रेस में प्रथम जोशी ,द्वितीय रितु, तृतीय स्थान नीरज, 400 मीटर रेस में प्रथम अन्नू, द्वितीय कोमल,तृतीय स्थान संजु, 800 मीटर रेस में प्रथम जोशी ,द्वितीय अन्नु,तृतीय स्थान संगीता, 1500 *मीटर रेस* में प्रथम जोशी ,द्वितीय अन्नु,तृतीय स्थान संगीता, जैवलिन थ्रो में प्रथम संजू, द्वितीय रितु ,तृतीय स्थान संगीता, गोला फेंकना प्रथम कोमल,द्वितीय अन्नू,तृतीय स्थान संजु, लंबी कूद में प्रथम जोशी, द्वितीय कोमल,तृतीय स्थान संगीता, डिस्कस थ्रो में प्रथम जोशी, द्वितीय संगीता ,तृतीय स्थान हिमांशी , ऊंची कूद* में प्रथम कोमल ,द्वितीय रीतू,तृतीय स्थान संगीता, पर रही।

Principal/प्राचार्या
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Rohtak Jind 15.02.2025 - 15 Feb 2025 - Page 2

## 100 मीटर दौड़ में जोशी प्रथम






14जेएनडी04: विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि। स्रोत कॉलेज

## जेवलिन थ्रो में संगीता ने मारी बाजी 100 मीटर दौड़ में जोशी रही प्रथम

राजकीय कन्या कॉलेज पिल्लूखेड़ा में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

city sports





Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

## महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लुखेड़ा जीन्द

## 4th Annual Athletic Meet Report


Memo No. Date:-

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद) में 13 फरवरी 2025 को चतुर्थ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक के निर्देशन में और कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यकारी प्राचार्य श्रीमती बबीता पवार ने छात्राओं को सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि सभी को खेलो को खेलों की भावना से खेलना है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री प्रदीप कुमार जी ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री जगदीश चंद्र प्राचार्य मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिल्लुखेड़ा ने शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय में विशेष तौर पर प्रतियोगिता का संपन्न करने के लिए डॉ सतीश कुमार, प्राध्यापक राजकीय महाविद्यालय, जींद की उपस्थिति रही।मुख्य अतिथि ने छात्राओं को संबोधित किया और इस प्रकार के प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा की खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और यह हमारा सर्वांगीण विकास करते हैं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखना और अपने जीवन में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।श्री संजय कुमार , खेल-कूद प्रभारी जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 120 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जोशी को बेस्ट एथलीट के रूप में चुना गया । प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे "100 मीटर रेस" में प्रथम जोशी द्वितीय,कोमल, तृतीय स्थान अन्नू , "200 मीटर रेस" में प्रथम जोशी ,द्वितीय संगीता, तृतीय स्थान अन्नू, "400 मीटर रेस" में प्रथम अन्नू, द्वितीय जोशी,तृतीय स्थान संगीता, "800 मीटर रेस" में प्रथम जोशी ,द्वितीय अन्नु,तृतीय स्थान सोनम, "जैवलिन थ्रो" में प्रथम संगीता, द्वितीय जोशी ,तृतीय स्थान रितु, "गोला फेंकना" प्रथम जोशी,द्वितीय संगीता,तृतीय स्थान नीरज, "लंबी कूद" में प्रथम जोशी, द्वितीय नीरज,तृतीय स्थान संगीता, "डिस्कस थ्रो" में प्रथम जोशी, द्वितीय संगीता ,तृतीय स्थान हिमांशी , पर रही। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अंत में खेल प्रभारी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों का आभार और धन्यवाद किया।


15/02/25

Principal/प्राचार्य
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

गतिविधि के मुख्य छायाचित्र




शपथ ग्रहण



दौड़ प्रतियोगिता



फिटनेस टॉक्स



रस्सा कस्सी प्रतियोगिता

मीडिया कवरेज

**100 मीटर रेस में सोनम ने पाया प्रथम स्थान**



महर्षि जमदग्नि कन्या महाविद्यालय पिल्लुखेड़ा में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

[illegible]

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

03/09/2025



महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा(जीन्द)-126113

(कार्यालय दूरभाष- 01686 29770, ईमेल: gcgpillukhera2019@gmail.com)

पत्र क्रमांक: म.ज.रा.क.म.वि.पिल्लूखेड़ा/जीन्द/2025/3386 दिनांक 03.09.202

## गतिविधि रिपोर्ट (29-30 अगस्त, 2025)

महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लुखेडा, जीन्द में प्राचार्य डॉ. रणबीर सिंह जी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, फिटनेस टॉक्स, तथा खेल शपथ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आयोजन में 'मेजर ध्यानचंद जी' को श्रद्धांजलि प्रदान की गई तथा उनके बारे में छात्राओं को अवगत करवाया गया। इसके उपरांत छात्राओं को फिटनेस सम्बंधित बातें बताई गई तथा उनको शारीरिक एवं मानसिक सेहत बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में 100 मीटर की रेस करवाई गई जिसमें बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा सोनम ने प्रथम स्थान, शितु ने द्वितीय, तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद रस्साकस्सी की प्रतियोगिता करवाई गई।जिसमें मेज़र ध्यानचंद टीम विजयी रही। खेल दिवस के अवसर पर छात्राओं को खेलों की शपथ भी दिलाई गई ताकि वे खेल में सक्रिय भागीदारी करें, स्वस्थ रहें और खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस पहल का उद्देश्य युवा छात्राओं में खेलों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था, जिससे वे खेल क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रणबीर सिंह जी ने सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाएं ताकि आप मानसिक और शारीरिक रूप से बलिष्ठ बन सकें। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स अधिकारी श्री संजय कुमार जी ने बताया कि खेल हमें आत्मविश्वासी, परिश्रमी और दृढ़ बनाते हैं। हार-जीत तो खेल का हिस्सा है, लेकिन असली जीत अपने चरित्र और प्रयासों में श्रेष्ठ बनने की होती है।आप सब खेलों में उत्साह और ईमानदारी से भाग लें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया । यह आयोजन क्रीड़ा और फिटनेस को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है, जो छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

03/09/2025
स्पोर्ट्स अधिकारी

03/09/2025
Principal प्राचार्य
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.